13-11-2026_Layout 1 13-11-2026 08:40 Page 1



jalandharcitylive.com jalandharcitylive jalandharcitylive jalandharcitylive

जालंधर

24 घंटे 365 दिन सिटी लाइव न्यूज

* अनमोल वचन *


"जब मनुष्य का मन शांत होता है, तभी वह सच्ची खुशी पाता है।"

वर्ष:5 | अंक : 284 | पृष्ठ:4 | मूल्य: 5 रुपये | जालंधर, शुक्रवार 13 नवम्बर, 2026 | संपादक: रमेश चन्द्र नेय्यर: 9855559913

पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 : 'आप' की दूसरी लिस्ट जारी

जालंधर में दीपक बाली, विनीत धीर और नितिन कोहली को मिली टिकट

- 31 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की, जालंधर की 3 सीटों पर नए चेहरे
- माझा, दोआबा और मालवा क्षेत्र की कई अहम विधानसभा सीटें शामिल हैं
- इससे पहले आम आदमी पार्टी ने 40 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की
- आम आदमी पार्टी अब तक 71 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर चुकी







जालंधर सिटी लाइव

आम आदमी पार्टी ने पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। दूसरी लिस्ट में 31 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। इस सूची में माझा, दोआबा और मालवा क्षेत्र की कई अहम विधानसभा सीटें शामिल हैं। जालंधर के तीन उम्मीदवारों में नॉर्थ हलके विनीत धीर, सेंट्रल हलके से नितिन कोहली और जालंधर कैंट सीट से दीपक बाली को उम्मीदवार बनाया गया है। बता दें कि इससे पहले ष्ठद्गने 40 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। पार्टी अब तक 71 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर चुकी है।

दूसरी सूची में शामिल उम्मीदवारों के नाम इस प्रकार हैं:

1. सुजानपुर - स्वरन एस. सलारिया
2. पठानकोट - रोहित स्याल
3. गुरदासपुर - रमन बहल
4. दीनानगर - शमशेर सिंह
5. कादियां - गुरीबाल सिंह महल
6. फतेहगढ़ चुड़ियां - हरजोबनजीत सिंह रंधावा (उबन रंधावा)
7. राजा सांसी - सोनिया मान
8. मजीठा - तलवीर सिंह गिल
9. अमृतसर नॉर्थ - करमजीत सिंह रिंटू
10. पाट्टी - जसकंवर सिंह गिल (जस्सा पाट्टी)
11. भोआ - एडवोकेट हरसिमरन सिंह
12. कपूरथला - दबिंदर पाल सिंह रांगा
13. फगवाड़ा - डॉ. राज कुमार चब्बेवाल
14. फिल्लौर - हरजोत कौर लोहटिया
15. शाहकोट - बलवीर सिंह पाला जलालपुर
16. जालंधर सेंट्रल - नितिन कोहली
17. जालंधर नॉर्थ - विनीत धीर
18. जालंधर कैंट - दीपक बाली
19. आदमपुर - पवन कुमार टीनू
20. मुकेरियां - सरबजोत सिंह साबी
21. नवांशहर - रॉबी कंग
22. चमकौर साहिब - जसवीर सिंह गढ़ी
23. खरड़ - परमिंदर सिंह गोल्डी
24. दाखा - डॉ. केएनएस कंग
25. जगरांव - सरवजीत कौर माणुके
26. अबोहर - डॉ. सुहानी डोडा
27. बल्लुआना - अमनदीप सिंह गोल्डी मुसाफिर
28. लंबी - रणधीर सिंह धीरा खुड़ियां
29. बठिंडा ग्रामीण - गोपाल सिंह
30. बरनाला - गुरमीत सिंह मीत हेयर

पंजाब में 34 साल पुराने मामले में पूर्व एसएसपी को 7 साल की सजा, 50 हजार जुर्माना, सीबीआई कोर्ट का फैसला

जालंधर सिटी लाइव

मोहाली। मोहाली की विशेष CBI अदालत ने 1992 में लुधियाना के ट्रांसपोर्टर अमरीक सिंह सकरी को अगवा कर लापता करने के मामले में पंजाब पुलिस के पूर्व SSP गुरमीत सिंह रंधावा को दोषी करार दिया है। आज CBI कोर्ट ने दोषी SSP को 7 साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। आपको बता दें कि बीते दिन ही मोहाली की विशेष CBI अदालत ने मामले की सुनवाई के बाद पूर्व SSP गुरमीत सिंह रंधावा को अमरीक सिंह सकरी के अपहरण और लापता किए जाने के मामले में दोषी ठहराया था। हालांकि, उनके साथ आरोपी बनाए गए सुरक्षा गार्ड परमिंदरजीत सिंह को पर्याप्त सबूत नहीं मिलने के कारण संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया गया। यह मामला करीब 34 साल पुराना है। लुधियाना के ट्रांसपोर्टर अमरीक सिंह सकरी 25 नवंबर 1992 को अपने साले की बेटी के शादी समारोह में शामिल होने होटल अमलतास पहुंचे थे। इसी दौरान तरनतारन पुलिस की एक टीम उन्हें अपने साथ ले गई। परिवार को उम्मीद थी कि पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया जाएगा, लेकिन इसके बाद अमरीक सिंह का कोई पता नहीं चला। काफी तलाश और प्रयासों के बावजूद उनके परिवार को उनकी कोई जानकारी नहीं मिल सकी।





मुख्यमंत्री बेअंत सिंह तक पहुंचाई गई थी शिकायत

CBI की जांच में सामने आया कि अमरीक सिंह को पुलिस द्वारा उठाए जाने की सूचना टेलीग्राम के माध्यम से तत्कालीन वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाई गई थी। उनकी रिहाई और ठिकाने का पता लगाने के लिए उस समय पंजाब के मुख्यमंत्री रहे बेअंत सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क किया गया था। हालांकि, इतने प्रयासों के बावजूद अमरीक सिंह का कोई सुराग नहीं मिला। मामले की जांच के बाद CBI ने इस घटना को लेकर कानूनी कार्रवाई की और मामला अदालत तक पहुंचा।

भारत-पाक सीमा पर बीएसएफ और पंजाब पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 546 ग्राम हेरोइन बरामद



- संयुक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान संदिग्ध पैकेट मिला, सीमा पार से नशा तस्करी की आशंका

जालंधर सिटी लाइव

फिरोजपुर। पंजाब में सीमा पार से होने वाली नशा तस्करी के खिलाफ सुरक्षा एजेंसियों को बड़ी सफलता मिली है। सीमा सुरक्षा बल (ब्क्स्स) और पंजाब पुलिस की संयुक्त टीम ने फिरोजपुर के सीमावर्ती इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाकर 546 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जानकारी के अनुसार, 12 नवंबर को 155वीं बटालियन ब्क्स्स और पंजाब पुलिस की टीम संयुक्त रूप से इलाके में तलाशी अभियान चला रही थी। इसी दौरान जवानों को एक संदिग्ध पैकेट दिखाई दिया। जांच करने पर उसमें से 546 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

सीमा पर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क

बरामदगी के बाद सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि हेरोइन की खेप किसने भेजी थी और इसे आगे कहां पहुंचाया जाना था। इस कार्रवाई को सीमा पार से होने वाली नशा तस्करी पर रोक लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। BSF और पंजाब पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से सीमावर्ती क्षेत्रों में तस्करी के खिलाफ निगरानी और मजबूत करने का संदेश गया है।

आप संयोजक अरविंद केजरीवाल को जान से मारने की धमकी! मांगी 7 करोड़ की फिरौती

- आप विधायक जरनैल सिंह को अज्ञात व्यक्ति ने फोन और वॉट्सऐप मैसेज भेज धमकाया
- 7 करोड़ दे दे नहीं तो अरविंद और उसकी लड़की हर्षिता केजरीवाल को जान से मार दूंगा

जालंधर सिटी लाइव

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को जान से मारने की धमकी मिली है। जानकारी के मुताबिक लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने केजरीवाल से 7 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी है और फिरौती न देने पर जान से मारने की धमकी दी है। जिसके बाद इसकी शिकायत साइबर क्राइम पुलिस को दी गई है। पुलिस पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह धमकी लॉरेंस गैंग की तरफ से दी गई है या फिर किसी ने उसके नाम को लेकर दी है।



7 करोड़ दो वरना केजरीवाल को मार दूंगा

दिल्ली के आप विधायक जरनैल सिंह ने पुलिस शिकायत में बताया कि उन्हें फोन और वॉट्सऐप मैसेज पर एक अज्ञात व्यक्ति ने धमकी दी। आरोपी ने धमकी देते हुए लिखा कि लॉरेंस गैंग से बोल रहा हूं, अरविंद केजरीवाल को बोल दे 7 करोड़ रुपए दे दे नहीं तो अरविंद केजरीवाल और उसकी लड़की हर्षिता केजरीवाल को जान से मार दूंगा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अज्ञात नंबर को ट्रेस करने में लग गई है।

जालंधर समेत कई जिलों में प्रशासनिक फेरबदल, आईएएस समेत 13 पीसीएस अधिकारियों के ट्रांसफर

इस आदेश के मुताबिक, तीन अधिकारियों के तबादला आदेश भी रद्द कर दिए गए

- वहीं पंजाब सरकार की ओर से इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं
- इस फैसले के बाद कई जिलों में प्रशासनिक अधिकारियों की जिम्मेदारियां बदल गई

जालंधर सिटी लाइव

पंजाब सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए बुधवार को एक IAS अधिकारी समेत 13 PCS अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। इसके साथ ही तीन अधिकारियों के तबादला आदेश भी रद्द कर दिए गए हैं। आदेश के मुताबिक, राजपाल सिंह (PCS 2012), सूरज (PCS 2022) और रोहित जिंदल (PCS 2025) अब अपने पुराने पदों पर ही काम करते रहेंगे। सरकार की ओर से इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं।



पीयूषा बर्धक (IAS 2024), जो पहले SDM अजनाला के पद पर तैनात थीं, उन्हें विशेष कार्य अधिकारी (शहरी विकास) के साथ डिप्टी कमिश्नर, लुधियाना नियुक्त किया गया है। ज्योति बाला मट्टू को नगर निगम होशियारपुर के कमिश्नर पद से हटाकर अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (ग्रामीण विकास), फाजिल्का लगाया गया है। मनजीत सिंह चीमा को अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (ग्रामीण विकास), मालेरकोटला नियुक्त किया गया है। मनकंवर सिंह चहल को RTO लुधियाना के साथ सचिव, RTA जालंधर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। दीपक भाटिया को स्छरू गुरदासपुर से SDM आदमपुर लगाया गया है। इनायत को PUDA में अतिरिक्त मुख्य प्रशासक (नीति) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जसलीन कौर को SDM आदमपुर से SDM धूरी नियुक्त किया गया है। अशोक कुमार को सहायक कमिश्नर (जनरल) और RTO गुरदासपुर से SDM पठानकोट लगाया गया है। प्रीतइंदर सिंह बैंस को सचिव, RTA जालंधर से नगर निगम होशियारपुर का कमिश्नर नियुक्त किया गया है। सचिन पाठक को SDM जीरा से SDM गुरदासपुर लगाया गया है। सारंगप्रीत सिंह औजला को SDM बटाला से सहायक कमिश्नर (जनरल), गुरदासपुर के साथ RTO गुरदासपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। ज्योत्स्ना सिंह को SDM मुकेरियां से स्छरूबटाला नियुक्त किया गया है। मनदीप सिंह मान को SDM पठानकोट से स्छरूमुकेरियां लगाया गया है। परमिंदर कौर को सहायक कमिश्नर (जनरल), मोगा से सहायक कमिश्नर (जनरल), शहीद भगत सिंह नगर नियुक्त किया गया है। सरकार के इस फैसले के बाद कई जिलों में प्रशासनिक अधिकारियों की जिम्मेदारियां बदल गई हैं।

दिलजीत दोसांझ के इंदौर कॉन्सर्ट को बम उड़ाने की धमकी, हैक अकाउंट से भेजा गया था ईमेल

जालंधर सिटी लाइव

इंदौर। मध्य प्रदेश के इंदौर में 15 नवंबर को होने वाले पंजाबी अभिनेता-गायक दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट में बम धमाके की धमकी देने वाले कई फर्जी ईमेल में से एक, पास के देवास शहर के एक निवासी का अकाउंट हैक करके भेजा गया था। पुलिस अधिकारी ने ोगुरुवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (DCP) राजेश दंडोतिया ने पत्रकारों को बताया कि कुछ दिन पहले शहर के तीन निजी स्कूलों और मेयर कार्यालय को अलग-अलग ईमेल अकाउंट से दोसांझ के कॉन्सर्ट के बारे में बम की धमकियां मिली थीं। गहन जांच के बाद ये धमकियां फर्जी पाई गईं। अतिरिक्त DCP ने बताया कि इनमें से एक ईमेल देवास के रहने वाले निखिल गुप्ता के अकाउंट से भेजा गया था। उनका यह अकाउंट इस साल मार्च या अप्रैल में हैक हो गया था और वे इसे वापस पाने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने बताया कि गुप्ता एक निजी कंपनी में काम करते हैं। दंडोतिया ने बताया, ÷इस ईमेल अकाउंट के लॉगिन रिकॉर्ड की जांच करने पर अमेरिका का एक संदिग्ध IP एड्रेस सामने आया है। जांच में यह भी पता चला है कि इस IP एड्रेस का इस्तेमाल VPN (वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क) के जरिए किया गया था। गुप्ता का बयान दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि अकाउंट हैक होने और इसके पीछे शामिल लोगों की जांच चल रही है। अतिरिक्त DCP ने बताया कि कॉन्सर्ट के आयोजकों की ओर से पुलिस अनुमति के लिए दिए गए आवेदन पर विचार किया जा रहा है।



CMYK

13-11-2026_Layout 1 13-11-2026 08:40 Page 2

पंजाब और चंडीगढ़ का स्वच्छता में डंका!

आनंदपुर साहिब बना पंजाब का नंबर-1 शहर

- बैंस ने पलब्धि का श्रेय शहर निवासियों, सफाई कर्मचारियों और पार्षदों को दिया

जालंधर सिटी लाइव



स्वच्छता के राष्ट्रीय मंच पर पंजाब और चंडीगढ़ ने शानदार प्रदर्शन किया है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में श्री आनंदपुर साहिब को पंजाब का सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया गया है, जबकि चंडीगढ़ ने 3 से 10 लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देशभर में दूसरा स्थान हासिल किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पंजाब के स्थानीय निकाय मंत्री हरजोत बैंस और चंडीगढ़ के मेयर सौरभ जोशी व कमिश्नर अमित कुमार को पुरस्कार प्रदान किए।

स्थानीय निकाय मंत्री हरजोत बैंस ने बताया कि देशभर के 63 शहरों को स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इनमें श्री आनंदपुर साहिब को पंजाब के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में चुना गया है। बुधवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित सम्मान समारोह में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और राज्य मंत्री तोखन साहू भी मौजूद रहे। इस श्रेणी में मध्य प्रदेश का उज्जैन पहले नंबर पर रहा। इस मौके पर श्री आनंदपुर साहिब को पंजाब के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब मिला। स्थानीय निकाय मंत्री हरजोत बैंस ने इस उपलब्धि का श्रेय शहर के निवासियों, सफाई कर्मचारियों और पार्षदों को दिया। धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व के कारण श्री आनंदपुर साहिब में देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। ऐसे में शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में यह सम्मान मिलना बेहद खास है।

लगातार दूसरी बार चंडीगढ़ को दूसरा स्थान

वहीं, चंडीगढ़ ने लगातार दूसरी बार 3 से 10 लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देशभर में दूसरा स्थान हासिल किया है। इससे पहले स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में भी चंडीगढ़ इसी श्रेणी में दूसरे स्थान पर रहा था। स्वच्छ सर्वेक्षण के दसवें संस्करण में देशभर के 4751 शहरों ने हिस्सा लिया। शहरों का मूल्यांकन 43 अलग-अलग मानकों के आधार पर किया गया। इस बार सर्वेक्षण की थीम 'स्वच्छता की नई पहल-बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ' रखी गई थी इस तरह स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में श्री आनंदपुर साहिब और चंडीगढ़ ने पंजाब व क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

शक के अधार पर गिरफ्तार व्यक्ति ने पुलिस ने बरामद की 2 ग्राम हेरोइन

फिरोजपुर : थाना जीरा पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर 1 व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से हेरोइन बरमद की है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्ति पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना जीरा सिटी के एस.आई सतवंत सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर जगदेव सिंह उर्फ गोरी पुत्र कश्मीर सिंह वासी शिव कालोनी जीरा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से तलाशी के दौरान 2 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामले की जांच कर रहे सतवंत सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में जगदेव पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।



लुधियाना में समराला चौक फ्लाईओवर पर पलटा पार्सल से भरा ट्रक, ड्राइवर को आई नींद की झपकी

सुबह करीब 10 बजे हादसे के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई

- धर्मपुरा चौकी इंचार्ज इंस्पेक्टर राम मूर्ति टीम के साथ मौके पर
- पुलिस ने ड्राइवर को हिरासत में लिया, इलाके में स्थिति सामान्य
- राहत की बात-ट्रक की चपेट में वाहन या राहगीर नहीं आया है

जालंधर सिटी लाइव



लुधियाना। पंजाब के लुधियाना में व्यस्त समराला चौक फ्लाईओवर पर दिल्ली से पार्सल लेकर आ रहा एक ट्रक अचानक बेकाबू होकर सड़क के बीचों-बीच पलट गया। यहां गुरुवार सुबह करीब 10 बजे हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे का कारण ड्राइवर को नींद की झपकी आना बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही धर्मपुरा चौकी इंचार्ज इंस्पेक्टर राम मूर्ति टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक, झपकी आने के कारण ड्राइवर ने ट्रक से नियंत्रण खो दिया, जिसके चलते भारी-भरकम ट्रक फ्लाईओवर पर पलट गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि ट्रक की चपेट में कोई अन्य वाहन या राहगीर नहीं आया और न ही किसी के घायल होने की खबर है।

कड़ी मशक्कत के बाद यातायात सुचारू

एहतियात के तौर पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी बुलाई गई। वहीं, ट्रक पलटने के कारण फ्लाईओवर पर यातायात बाधित हो गया और जाम लग गया। ट्रैफिक पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद यातायात को दोबारा सुचारू करवा दिया। फिलहाल इलाके में स्थिति सामान्य है।

फाजिल्का में पहले दिखाई नकली पिस्तौल!

फिर असली से कर दिया फायर, युवक गंभीर रूप से घायल

- सलेमशाह रेलवे फाटक के पास रात करीब 9:30 बजे की घटना
- वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए
- फायरिंग की घटना में युवक के सिर और पेट में गोलियां लगी हैं

जालंधर सिटी लाइव



फाजिल्का। पंजाब के फाजिल्का में बुधवार देर रात बाइक सवार हमलावरों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। सलेमशाह रेलवे फाटक के पास रात करीब 9:30 बजे पहुंचे दो हमलावरों ने युवक पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। फायरिंग में युवक के सिर और पेट में गोलियां लगी हैं। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल की पहचान जतिंदर सिंह उर्फ जग्गी निवासी पीर गुराया, फाजिल्का के रूप में हुई है। रेलवे फाटक के पास हुई इस वारदात के बाद इलाके में डर का माहौल है। जानकारी के मुताबिक, जतिंदर सिंह सलेमशाह रेलवे फाटक के नजदीक मौजूद था। इसी दौरान बाइक पर सवार होकर दो अज्ञात युवक वहां पहुंचे। बताया जा रहा है कि इनमें से एक हमलावर ने हेलमेट पहना हुआ था। आरोपियों में से एक जतिंदर के पास गया और पहले उसे नकली पिस्तौल दिखाई। इसके बाद उसने असली पिस्तौल निकालकर युवक पर गोलियां चला दीं। इस हमले में जतिंदर को संभलने तक का मौका नहीं मिला।

सिर और पेट में लगी गोलियां, हालत गंभीर

गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के लोग सहम गए। वारदात के बाद जतिंदर खून से लथपथ हालत में जमीन पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने तुरंत उसे फाजिल्का के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया। जांच के दौरान पता चला कि युवक के सिर और पेट में गोलियां लगी हैं। हालत गंभीर होने और अधिक खून बहने के कारण डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

अमृतसरः जमीनी विवाद को लेकर चली ताबड़तोड़ गोलियां, सीसीटीवी फुटेज आई सामने

फायरिंग करने के बाद हमलावर मौके से फरार, आरोपी कार में आए और हवाई फायरिंग की

- जेसीबी की मदद से हाल में बना लैंटर गिराया
- 20 से 25 खाली कारतूस के खोल किए बरामद

जालंधर सिटी लाइव



अमृतसर। अमृतसर के तरनतारन रोड पर बीती रात जमीनी विवाद को लेकर ताबड़तोड़ गोलियां चलीं। लगातार गोलियों का आवाज सुनकर इलाका निवासियों में दहशत का माहौल बन गया। वहीं आरोपियों की यह हरकत पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फायरिंग करने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और जांच शुरू की। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी कब्जे में ली। जानकारी के मुताबिक देर रात आरोपी कार में आए और उन्होंने पहले हवाई फायरिंग की। हवाई फायरिंग के बाद आरोपियों ने जेसीबी की मदद से हाल में डाले गए लैंटर को गिरा दिया और मौके से फरार हो गए। हालांकि आरोपी पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गए।

20 से 25 खाली कारतूस बरामद

***पुलिस** ने मौके से करीब 20 से 25 खाली कारतूस के खोल बरामद किए। मौके पर पहुंचे एसीपी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हमलावरों की पहचान की जा रही है। मामले में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।*

आई.के. पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी के यूथ फेस्टिवल में सेंट सोल्जर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग

एंड टेक्नोलॉजी का शानदार प्रदर्शन; गोल्ड और सिल्वर मेडल जीते

जालंधर सिटी लाइव



जालंधर। सेंट सोल्जर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, जालंधर के विद्यार्थियों ने आई.के. गुजराल पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी (IKGPTU) द्वारा आयोजित यूथ फेस्टिवल में शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों ने क्विज प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल और रंगोली प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। क्विज प्रतियोगिता में बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (CSE) के तीन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों रामनदीप सिंह, अनंत सागर (सातवें सेमेस्टर) और महेश दादवाल (पांचवें सेमेस्टर) ने गोल्ड मेडल हासिल किया। अपनी उत्कृष्ट जानकारी, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता, टीमवर्क और बौद्धिक प्रतिभा के दम पर उन्होंने विश्वविद्यालय स्तर की इस प्रतियोगिता में शानदार सफलता प्राप्त की। वहीं, संस्थान के बीटेक CSE पांचवें सेमेस्टर के विद्यार्थी कुनाल ने रंगोली प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर अपनी रचनात्मकता, कलात्मक प्रतिभा और समर्पण का परिचय दिया। विद्यार्थियों की यह उपलब्धियां उनकी कड़ी मेहनत, प्रतिभा और लगन के साथ-साथ संस्थान द्वारा तकनीकी शिक्षा के साथ अकादमिक उत्कृष्टता, रचनात्मकता और पाठ्येतर गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के निरंतर प्रयासों को भी दर्शाती हैं। इस अवसर पर ग्रुप चेयरपर्सन श्रीमती संगीता चोपड़ा, कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. गुरप्रीत सिंह और स्टाफ सदस्यों ने मेडल विजेता विद्यार्थियों को उनकी शानदार उपलब्धियों के लिए बधाई दी तथा भविष्य में भी इसी तरह मेहनत और लगन के साथ सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों की इस सफलता से संस्थान में खुशी और गर्व का माहौल है। उनकी उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं और उन्हें विश्वविद्यालय स्तर की प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। सेंट सोल्जर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा उन्हें शिक्षा,सांस्कृतिक गतिविधियों और सह-पाठ्यक्रम प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए निरंतर अवसर प्रदान कर रहा है।

जालंधर में आरटीआई एक्टिविस्ट पर ब्लैकमेलिंग का केस दर्ज

नगर निगम के एसटीपी से 10 लाख मांगने का आरोप

- कथित 1 मीडिया कर्मी की भूमिका भी पुलिस जांच के दायरे में आई
- कथित धमकियों से परेशान होकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है

जालंधर सिटी लाइव



जालंधर/जतिनः जालंधर में अब आम लोगों के साथ-साथ सरकारी अधिकारी भी कथित ब्लैकमेलिंग से परेशान होने लगे हैं। नगर निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी को ब्लैकमेल करने और उनके खिलाफ कथित तौर पर झूठी खबरें प्रकाशित करवाकर दबाव बनाने के मामले में पुलिस ने खुद को RTI एक्टिविस्ट बताने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं, इस पूरे मामले में एक कथित मीडिया कर्मी की भूमिका भी पुलिस जांच के दायरे में आ गई है। आरोप है कि दोनों द्वारा मिलकर अब नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों पर भी दबाव बनाने की कोशिश की जा रही थी। शिकायत में अधिकारी से 10 लाख रुपये की मांग किए जाने और पैसे न देने पर बदनाम करने की धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। नगर निगम जालंधर में STP के पद पर तैनात सुरेंद्र सिंह बिंद्रा की शिकायत के मुताबिक, संबंधित व्यक्ति खुद को RTI एक्टिविस्ट बताता है और उनके खिलाफ कथित तौर पर भ्रामक व झूठी खबरें प्रकाशित करवाकर उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर रहा था। लगातार मिल रही कथित धमकियों और बदनाम करने की कोशिशों से परेशान होकर उन्होंने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। शिकायत में जालंधर के एक कथित मीडिया कर्मी की भूमिका को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। सुरेंद्र सिंह बिंद्रा के मुताबिक, उक्त मीडिया कर्मी उन्हें बार-बार खबरें प्रकाशित होने का हवाला देकर कहता था कि वह RTI एक्टिविस्ट को 10 लाख रुपये दे दें, अन्यथा वह उनके खिलाफ नुकसान पहुंचाने वाली कार्रवाई करवा सकता है। उनका दावा है कि उन्हें मानसिक दबाव में लाकर मजबूर करने की कोशिश की जा रही थी।

चंडीगढ़ और मोहाली को दहलाने की धमकी, मेयर ऑफिस से लेकर स्टेडियम को बम से उड़ाने का मिला ईमेल

ट्राईसिटी के कई महत्वपूर्ण और संवेदनशील स्थानों को सनसनीखेज धमकी मिली है

- अज्ञात ईमेल के जरिए मुल्लांपुर क्रिकेट स्टेडियम को निशाना बनाने की चेतावनी दी
- धमकी भरे संदेश में फिल्मी और संगीत जगत की बड़ी हस्तियों का भी नाम लिया है

जालंधर सिटी लाइव



चंडीगढ़/मोहाली। चंडीगढ़ और मोहाली (ट्राईसिटी) के कई महत्वपूर्ण और संवेदनशील स्थानों को बम से उड़ाने की सनसनीखेज धमकी मिली है। एक अज्ञात ईमेल के जरिए चंडीगढ़ के बैंकों, नगर निगम के मेयर ऑफिस, मोहाली इंटरनेशनल एयरपोर्ट और मुल्लांपुर क्रिकेट स्टेडियम को निशाना बनाने की चेतावनी दी गई है। इतना ही नहीं, इस धमकी भरे ईमेल में मशहूर पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ और बॉलीवुड महानायक अमिताभ बच्चन को भी जान से मारने की धमकी दी गई है, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया है। भेजे गए ईमेल में धमाकों का बाकायदा समय भी लिखा गया है। इसमें दावा किया गया है कि चंडीगढ़ के विभिन्न बैंकों और नगर निगम के मेयर कार्यालय में दोपहर 1:11 बजे धमाका किया जाएगा, जबकि मोहाली एयरपोर्ट पर रात 9:11 बजे विस्फोट करने की बात कही गई है। इसके साथ ही आगामी 12 दिसंबर को मुल्लांपुर स्टेडियम में आईईडी (द्वश्वष्ठ) ब्लास्ट करने की भी चेतावनी दी गई है। ईमेल में पंजाब और खालिस्तान का जिक्र करते हुए कई अन्य स्थानों को भी निशाना बनाने की धमकी लिखी गई है।

दिलजीत और अमिताभ बच्चन को धमकी

धमकी भरे संदेश में फिल्मी और संगीत जगत की बड़ी हस्तियों का भी नाम लिया गया है। ईमेल में लिखा गया है कि दिलजीत के आईफोन में विस्फोट किया जाएगा और 'उनका आखिरी सफर शुरू हो चुका है'। इसके अलावा, 31 दिसंबर तक एक समारोह (जलसे) के दौरान अमिताभ बच्चन की हत्या करने की भी धमकी दी गई है। संदेश में आम लोगों को चेतावनी देते हुए कहा गया है कि वे अपने बच्चों को सुरक्षित रखें, दिलजीत के लाइव शो में न जाएं और आईफोन का इस्तेमाल न करें।

अमृतसर में हथियार तस्करी के दो बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश

6 आरोपी गिरफ्तार, 14 विदेशी पिस्तौल बरामद

जालंधर सिटी लाइव



अमृतसर। पंजाब में अवैध हथियारों की तस्करी और संगठित अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दो अलग-अलग अवैध हथियार सप्लाई नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 14 अत्याधुनिक पिस्तौल बरामद की गई हैं। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने इस कार्रवाई की जानकारी साझा की है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से विदेश में बैठे हैंडलरों के संपर्क में थे। आरोप है कि ये हैंडलर ड्रोन के जरिए अवैध हथियारों की खेप भारत में पहुंचाने में मदद करते थे। इसके बाद स्थानीय आरोपी इन हथियारों को प्राप्त कर आगे आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों तक पहुंचाते थे। पुलिस कमिश्नर हरमनबीर सिंह गिल के अनुसार, पहले ऑपरेशन में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर छह पिस्तौल बरामद की गई। दूसरे ऑपरेशन में एक आरोपी को आठ पिस्तौलों के साथ पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बॉबी सिंह, रविंदर सिंह उर्फ मन्ना, गुरप्रीत सिंह उर्फ प्रीत, कमल, अजय सिंह उर्फ काका और पंचकूला निवासी स्वर्ण सिंह के रूप में हुई है।

13-11-2026_Layout 1 13-11-2026 08:40 Page 3

गुरु नानक देव विश्व विद्यालय कॉलेज, जालंधर में दीक्षांत समारोह-2026 का आयोजन; 600 से अधिक विद्यार्थियों को प्रदान की गईं डिग्रियां

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। गुरु नानक देव विश्वविद्यालय कॉलेज, जालंधर में कॉलेज परिसर में दीक्षांत समारोह-2026 का आयोजन बड़े उत्साह और शैक्षणिक गरिमा के साथ किया गया। इस प्रतिष्ठित अवसर पर स्नातक होने वाले विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों, समर्पण और अथक प्रयासों का उत्सव मनाया गया।

साथ ही, संस्थान ने शैक्षणिक उत्कृष्टता और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहराया।समारोह की अध्यक्षता मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह जी, माननीय कुलपति, गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर ने की, जबकि राज्यसभा सांसद (पंजाब) संत बलबीर सिंह सीचेवाल जी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर डॉ. जसपाल सिंह रंधावा, डॉ. कमलेश सिंह दुग्गल, डॉ. जश्नजीत सिंह जौहल, डॉ. किरण अरोड़ा, डॉ. नीरज ढींगरा, डॉ. बुट्टा सिंह, डॉ. एकता खोसला, डॉ. किरनजीत रंधावा, श्री राजेश विज, श्री नरेंद्र कौशिक सहित अनेक गणमान्य अतिथि, शिक्षाविद् एवं शैक्षणिक जगत से जुड़ी प्रतिष्ठित हस्तियां भी उपस्थित रहीं। समारोह के दौरान विभिन्न शैक्षणिक संकायों के 600 से अधिक विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में एमबीए (दो वर्षीय पाठ्यक्रम), एमबीए (पांच वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम), एम.कॉम., एमसीए, एम.ए. पंजाबी, बीबीए, बीसीए, बी.कॉम., बी.कॉम. (फाइनेंशियल सर्विसेज), बी.वॉक. (ई-कॉमर्स एवं डिजिटल मार्केटिंग) तथा बी.वॉक. (पत्रकारिता एवं मीडिया) के विद्यार्थी शामिल थे। इस अवसर का एक प्रमुख आकर्षण कॉलेज परिसर में हेरिटेज होम का उद्घाटन रहा। यह पहल पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से शुरू की गई है। हेरिटेज होम की परिकल्पना कॉलेज की ओएसडी प्रो. (डॉ.) नवजोत द्वारा एक ऐसे सार्थक स्थान के रूप में की गई, जहां पंजाबी संस्कृति, परंपराओं, ऐतिहासिक विरासत और स्थानीय मूल्यों को प्रदर्शित किया जा सके। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों और आगंतुकों में सांस्कृतिक जागरूकता तथा अपनी विरासत के प्रति गर्व की भावना को प्रोत्साहित करना है। यह पहल दर्शाती है कि कॉलेज शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ सांस्कृतिक चेतना और पंजाब की समृद्ध विरासत के प्रति सम्मान विकसित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह जी ने डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए बधाई दी। उन्होंने सफल करियर के निर्माण में ज्ञान, निरंतर प्रयास, नवाचार और नैतिक मूल्यों के महत्व पर बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को उभरते अवसरों का लाभ उठाने, आजीवन सीखने की भावना बनाए रखने तथा समाज और राष्ट्र के विकास में सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि संत बलबीर सिंह सीचेवाल जी ने भी डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी और समाज में शिक्षा की परिवर्तनकारी भूमिका पर प्रकाश डाला।



उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जुड़े रहने, नैतिक मूल्यों को बनाए रखने तथा अपनी शिक्षा का उपयोग मानवता के व्यापक कल्याण के लिए करने का संदेश दिया। इस अवसर पर गणमान्य अतिथियों, विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों, प्राध्यापकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों, डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और बढ़ाया। यह दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ समग्र शिक्षा, सांस्कृतिक संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति संस्थान के निरंतर प्रयासों का यादगार उत्सव बन गया। गुरु नानक देव विश्वविद्यालय कॉलेज, जालंधर की ओएसडी प्रो. (डॉ.) नवजोत ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि तथा सभी गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति और प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर बधाई दी तथा दीक्षांत समारोह के सफल आयोजन में प्राध्यापकों और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने हेरिटेज होम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह भावी पीढ़ियों के लिए पंजाबी संस्कृति और विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। समारोह का समापन प्रो. (डॉ.) नवजोत, ओएसडी, गुरु नानक देव विश्वविद्यालय कॉलेज, जालंधर द्वारा प्रस्तुत औपचारिक धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। उन्होंने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, सभी गणमान्य व्यक्तियों, वृद्ध विश्वविद्यालय प्रशासन, प्राध्यापकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का अपनी बहुमूल्य उपस्थिति और सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया, जिनके योगदान से दीक्षांत समारोह-2026 एक यादगार एवं सफल आयोजन बना।

सीए इंटर और सीए फाउंडेशन परीक्षाओं में एचएमवी की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। हंसराज महिला महाविद्यालय, जालंधर ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता की परंपरा को कायम रखा है। सितंबर 2026 में आयोजित सीए इंटर और सीए फाउंडेशन परीक्षाओं में महाविद्यालय की छात्राओं ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। बी.कॉम की छात्रा गुरलीन कौर ने सीए इंटर के ग्रुप । और ।। दोनों को सफलतापूर्वक पास कर संस्थान का मान बढ़ाया है। इसके साथ ही, श्रेया ने सीए इंटर का ग्रुप ढ्ढ और दृष्टि ने सीए फाउंडेशन परीक्षा उत्तीर्ण की है। प्राचार्या डॉ. एकता खोसला ने छात्राओं को उनकी इस शानदार सफलता पर बधाई दी और छात्राओं



का मार्गदर्शन करने तथा उन्हें तैयार करने में कामर्स विभाग के निरंतर प्रयासों की सराहना की। उन्होंने छात्राओं की कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और लगन की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य के पेशेवर सफर में भी उत्कृष्टता के लिए प्रयास जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर पीजी डिपार्टमेंट आफ कामर्स एंड मैनेजमेंट की अध्यक्षा श्रीमती मीनू कोहली और कॉमर्स क्लब की प्रभारी डॉ. सीमा खन्ना भी उपस्थित थीं, जिन्होंने सफल छात्राओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। संस्थान को अपनी छात्राओं की इन उपलब्धियों पर बहुत गर्व है। यह महाविद्यालय युवा महिलाओं को ज्ञान, कौशल और आत्मविश्वास से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि वे प्रतिस्पर्धी और पेशेवर क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।

केएमवी को हंगरी के प्रतिष्ठित इरास्मस कार्यक्रम के तहत प्राप्त हुई बड़ी कोलैबोरेशन फंडिंग

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। वैश्विक शैक्षणिक उत्कृष्टता के एक प्रमुख केंद्र के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत करते हुए, कन्या महा विद्यालय (स्वायत्त) ने प्रतिष्ठित इरास्मस+ इंटरनेशनल क्रेडिट मोबिलिटी प्रोग्राम केए171 के तहत फंडिंग प्राप्त कर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। हंगरी के ईओट्वोस लोरैंड विश्वविद्यालय के साथ साझेदारी में 2026-2029 परियोजना चक्र के लिए प्रदान किया गया यह अनुदान हंगरी की राष्ट्रीय एजेंसी, टेम्पस पब्लिक फाउंडेशन द्वारा स्वीकृत किया गया है। हंगरी सरकार द्वारा समर्थित इस फंडिंग के माध्यम से, केएमवी ईएलटीई के प्रतिष्ठित इंस्टिट्यूट ऑफ साइकॉलोजी के साथ व्यापक छात्र और शिक्षक एक्सचेंज कार्यक्रमों का संचालन करेगा। इस सहयोगी परियोजना की स्वीकृत रूपरेखा के तहत, केएमवी को ईएलटीई में 14-14 दिनों के दो शोर्ट टर्म छात्र मोबिलिटी स्लॉट और सात दिनों के एक समर्पित फैकल्टी शिक्षण मोबिलिटी अवसर की मंजूरी मिली है। यह सुनिश्चित करते हुए कि आर्थिक बाधाएं प्रतिभा और वैश्विक अनुभव के आड़े न आएं, कार्यक्रम के तहत भाग लेने वाले छात्रों और शिक्षकों के सभी यात्रा खर्च, आवास और संबंधित खर्चों को स्कालरशिप के साथ पूरी तरह से वहन किया जाएगा। कई वर्षों से, केएमवी विभिन्न विषयों में लगातार छात्र और शिक्षक एक्सचेंज कार्यक्रम शुरू करके वैश्विक शोध के मार्ग सक्रिय रूप से खोल रहा है। इन निरंतर अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों का एक हालिया प्रमाण एम.एससी. फिजिक्स की छात्रा सुश्री



शीतल की उपलब्धि है, जिन्होंने हाल ही में हंगरी के प्रसिद्ध बुडापेस्ट न्यूट्रॉन सेंटर में एक विशेष न्यूट्रॉन विवर्तन (डिफ्रैक्शन) प्रयोग में भाग लिया। उनकी इस अंतर्राष्ट्रीय शोध यात्रा का पूरा खर्च मेजबान केंद्र द्वारा उठाया गया था, जिसने उनकी यात्रा और आवास दोनों खर्चों को वहन किया, जो व्यापक अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक और शोध समुदाय में केएमवी की मजबूत शैक्षणिक प्रतिष्ठा को और रेखांकित करता है। तीन साल की इरास्मस+ परियोजना की अवधि 1 अगस्त, 2026 से 31 जुलाई, 2029 तक चलेगी, जिसमें पहला बैच 2027-2028 शैक्षणिक वर्ष के ऑटम सेमेस्टर के दौरान शुरू होगा। इस मोबिलिटी कार्यक्रम की रूपरेखा और शैक्षणिक दिशानिर्देशों को औपचारिक रूप देने के लिए, केएमवी ईएलटीई के साथ एक औपचारिक इंटर - इंस्टिट्यूशनल समझौते पर हस्ताक्षर करेगा। यह फंडिंग छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए परिवर्तनकारी शैक्षणिक और शोध लाभ प्रदान करता है। इसमें भाग लेने वाले छात्रों को अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक वातावरण में सीधा अनुभव प्राप्त होगा, जिससे वे मनोविज्ञान के प्रख्यात विद्वानों के साथ जुड़ सकेंगे, विविध शोध दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान कर सकेंगे, जटिल शोध प्रश्नों को परिष्कृत कर सकेंगे और उन्नत मेथडोलॉजिकल दृष्टिकोणों का पता लगा सकेंगे। साथ ही, फैकल्टी शिक्षण मोबिलिटी आपर्टूनिटी केएमवी के शिक्षकों के लिए अपनी विषय विशेषज्ञता साझा करने, नवीन शैक्षणिक पद्धतियों पर विचार-विमर्श करने और यूरोपीय समकक्षों के साथ सर्वोत्तम शैक्षणिक प्रथाओं का आदान-प्रदान करने के लिए एक गतिशील मंच के रूप में कार्य करेगा, जो लौटने पर सीधे तौर पर कक्षा शिक्षण और विद्वतापूर्ण जुड़ाव को समृद्ध करेगा। इरास्मस+ फंडिंग की आधिकारिक पुष्टि कन्या महा विद्यालय की निदेशक प्रो. डॉ. आतिमा शर्मा द्विवेदी को सूचित की गई, जिन्होंने इस उपलब्धि को संस्थान के शैक्षणिक समुदाय को शिक्षा और शोध के प्रमुख विदेशी केंद्रों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग बताया।

नितिन कोहली को आम आदमी पार्टी का टिकट मिलने पर जालंधर सेंट्रल में जश्न, खेलों और विकास में उनके योगदान की हुई सराहना

नितिन कोहली ने अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और पार्टी कार्यकर्ताओं का जताया आभार, कहा- जालंधर सेंट्रल में जीत हासिल करने और लोगों की सेवा करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर : आम आदमी पार्टी ने वर्ष 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए नितिन कोहली को जालंधर सेंट्रल विधानसभा क्षेत्र से अपना उम्मीदवार घोषित किया है। यह घोषणा कोहली की राजनीतिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल तथा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा उन पर जताए गए विश्वास को दर्शाती है। उम्मीदवारी की घोषणा के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए नितिन कोहली ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का उन पर विश्वास जताने और जालंधर सेंट्रल से चुनाव लड़ने की जिम्मेदारी सौंपने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने पार्टी नेतृत्व, ब्लॉक अध्यक्षों, पार्षदों और पार्टी कार्यकर्ताओं का लगातार समर्थन देने के लिए धन्यवाद किया। इसके साथ ही उन्होंने अपनी राजनीतिक यात्रा में साथ देने के लिए परिवार, मित्रों, समर्थकों और पत्रकारों का भी आभार जताया। कोहली ने कहा





कि वह इस जिम्मेदारी को निभाने और जालंधर सेंट्रल के लोगों की सेवा करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के लिए उनकी कार्ययोजना पहले से तैयार है और उनका लक्ष्य चुनाव में जीत हासिल कर क्षेत्र के विकास, बेहतर जनसुविधाओं और लोगों के कल्याण के लिए काम करना है। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरना और जालंधर सेंट्रल की प्रगति सुनिश्चित करना होगी। नितिन कोहली की पत्नी निधि कोहली ने भी जालंधर सेंट्रल में पार्टी की जीत को लेकर विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से वे विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में लोगों से मिल रहे हैं और उन्हें जनता की ओर से सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली है। उन्होंने कहा कि लोग भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और पहलों से खुश हैं। निधि कोहली ने उम्मीद जताई कि जनता की ओर से मिल रहा सकारात्मक समर्थन वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में वोटों में भी तब्दील होगा और पार्टी जालंधर सेंट्रल से जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र के लोगों की सेवा करने और जनकल्याण तथा विकास के प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जालंधर के खेल उद्योग से लंबे समय से जुड़े होने, खेल प्रशासन में दशकों के अनुभव और सार्वजनिक जीवन में बढ़ती सक्रियता के साथ नितिन कोहली की उम्मीदवारी में व्यापार, खेल, सामाजिक पहलों और विधानसभा क्षेत्र के विकास का अनुभव एक साथ दिखाई देता है। सार्वजनिक जीवन में उनकी भूमिका जालंधर की खेल पहचान को मजबूत करने, नागरिक सुविधाओं में सुधार, युवाओं के लिए अवसर पैदा करने और जनकल्याण को बढ़ावा देने पर केंद्रित रही है। जालंधर के खेल सामान उद्योग से जुड़े प्रमुख उद्योगपति नितिन कोहली ने 29 मई, 2025 को वरिष्ठ पार्टी नेताओं मनीष सिसोदिया और अमन अरोड़ा की उपस्थिति में औपचारिक रूप से आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी। इसके बाद उन्हें जालंधर सेंट्रल विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। खेलों से चार दशकों से अधिक समय से जुड़े कोहली जालंधर की खेल व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं।

जालंधर में अंतरराष्ट्रीय हॉकी की वापसी में अहम भूमिका

खेल प्रशासन में कोहली की भागीदारी का एक प्रमुख पहलू जालंधर में अंतरराष्ट्रीय हॉकी को दोबारा लाने के प्रयासों से उनका जुड़ाव रहा है। हॉकी पंजाब के अध्यक्ष और हॉकी इंडिया के सह उपाध्यक्ष के रूप में वह हीरो पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी पंजाब 2026 के आयोजन से जुड़े रहे। इस प्रतियोगिता का आयोजन जालंधर और मोहाली में संयुक्त रूप से किया गया। इस प्रतियोगिता में भारत, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, चीन, जापान और बांग्लादेश सहित छह देशों की टीमों ने हिस्सा लिया। इससे जालंधर एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय हॉकी के मानचित्र पर प्रमुखता से उभरा। इस प्रतियोगिता के माध्यम से शहर के हॉकी प्रेमियों को अपने ही शहर में अंतरराष्ट्रीय स्तर की हॉकी देखने का अवसर मिला। इसके लिए सुरजीत हॉकी स्टेडियम के उन्नयन और खिलाड़ियों तथा अधिकारियों के लिए सुविधाओं में सुधार की तैयारियां की गईं। प्रतियोगिता के बाद कोहली ने जालंधर में नियमित रूप से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिताएं करवाने तथा वर्ष 2027 में पंजाब में जूनियर हॉकी विश्व कप आयोजित करवाने की संभावनाएं तलाशने का अपना दृष्टिकोण भी सामने रखा।







पुलिस ने सर्च आप्रेशन के दौरान 500 ग्राम हेरोइन बरामद की

फिरोजपुर : थाना ममदोट की पुलिस ने समाज विरोधी अनसरों के खिलाफ उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान बीते दिन मिली सूचना के अधार पर गांव भंबा हाजी के खेतों में सर्च आप्रेशन चलाकर वहां से भारी मात्रा में हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलें में पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना ममदोट के एस.आई प्रवीण कुमार ने बताया कि उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सुन्दर वाले झुगे में सूचना मिली थी कि भंबा हाजी के खेतों में पराली के ढेर के पास पीली टेप से लिप्टी हुई कोई शकी वस्तु पड़ी है। जिस पर पुलिस उक्त क्षेत्र में सर्च आप्रेशन चलाकर वहां से 500 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामलें की जांच कर रहे प्रवीण कुमार ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में अज्ञात व्यक्तियों पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

13-11-2026_Layout 1 13-11-2026 08:40 Page 4

St. Soldier
GROUP OF INSTITUTIONS
SINCE 1958
EDUCATION | DISCIPLINE | EXCELLENCE
64 YEARS OF EXCELLENCE
More Than Just Education...
2000+ Merit Positions in 10th, 12th, Graduation & Professional Courses
➤ FREE BUS SERVICE FOR ALL COLLEGE STUDENTS FOR ALL ROUTES
➤ FREE SPORTS & GYM FACILITIES ◄
CANADIAN PATHWAY PROGRAMS

ENGINEERING (B.Tech - M.Tech*)
• Mechanical Engg. • Electrical Engg. • Civil Engg.
• Computer Science Engg. • Electronics & Communication Engg.
• Tool Engg. (Automobile Engg.)

HOTEL MANAGEMENT
• B.Sc. Hotel & Hospitality Administration • M.Sc. Hotel Management • Bachelor of Hotel Management & Catering Technology • ITI (Certificate in Food Production, Front Office, Bakery, F&B)

PARAMEDICAL / PHARMACY PHYSIOTHERAPY
• D. Pharmacy • B. Pharmacy • B.Sc. Medical Lab Science
• D. Pharmacy • Diploma in M.L.T. • M.Sc. M.L.T.
• B.Sc. Nursing • B.Sc. Operation Theatre Technology
• B.Sc. Radiology • Imaging Technology • B.Sc. Cardiac Care
• B.Sc. Optometry

LAW
• B.A.LL.B. (5 Years) • LL.B. (3 Years)
• B.Com LL.B. (5 Years) • LL.M.

POLYTECHNIC DIPLOMA
• Mechanical • Civil • Electrical • Computer Engg.
• Automobile • Electronics & Communication

MANAGEMENT & COMMERCE
• B.B.A. • B.Com • B.Com (Hons.) • M.Com
• M.B.A. • Diploma in Business Management

DEGREE COURSES
• B.A. • B.Com. • B.C.A. • B.Sc. • B.Sc. (IT)

MEDIA & FASHION
• B.A. (Media & Communication) • B.Sc. Fashion Designing

INFORMATION TECHNOLOGY
• MCA • B.C.A. • B.Sc. (IT) • PGDCA

NURSING TRAINING
• General Nursing & Midwifery (GNM)

ADMISSION OPEN

ARCHITECTURE
• B. Architecture • B.Sc. Interior Designing • B.Voc Interior Designing

TEACHER / PHYSICAL EDUCATION
• BPES • B.P.Ed. • D.P.Ed. • M.P.Ed.

INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE
• Electrician • COPA • Welder • Carpenter • Plumber • Vehicle Motor Mechanic • Architecture Draughtsman • Diesel Mechanic • Refrigeration & A.C.

/stsoldiergroup | www.stsoldiergroup.com
LATERAL ENTRY ADMISSION INTO SECOND YEAR AVAILABLE
NOW ANIMATION AND SOCIAL MEDIA COURSES AVAILABLE
ORP. OFFICE : 680-4 MODEL TOWN, JALANDHAR
9814003681 | 9814003652 | 9814343025 | 9914464565

SHREE RAM
NEURO CENTRE
NEURO • SPINE • TRAUMA
सही इलाज... बेहतर कल...
अब अपने शहर जालंधर में
रीढ़ एवं मस्तिष्क
रोगों का सर्वोत्तम उपचार है उपलब्ध
आधुनिक तकनीक | अनुभवी विशेषज्ञ | सुरक्षित इलाज
Dr. Deepashu Sachdeva
(BRAIN & SPINE SURGEON)
हमारी विशेषताएँ
बिना ऑपरेशन के भी इलाज की सुविधा
आधुनिक न्यूरो और स्पाइन सर्जरी
हाई-एंड डायगनोस्टिक सुविधाएँ
व्यक्तिगत और समर्पित देखभाल
आज ही संपर्क करें
श्री राम न्यूरो सेंटर में
98141-75180, 75080-31515
Inside New Ruby Hospital, Link Road, Lajpat Nagar, Jalandhar.
www.drdeepashuneurosurgeon.in

medifacials LASER HAIR REMOVAL LASER
moles
dermatology
Face Toning
acne scar
pigment
fatloss
skin care
treatment
tattoo
Cosmetology clinic
HairLoss
skin tags
birthmark
wrinkles
HYDRA FACIAL
bio peelings
Botox
MNRF
PRP
Dr. R.S. CHHABRA
Dermato-Cosmetologist & Laser Consultant
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE CERTIFIED NABH
LIVE
the brighter side of your skin.
LASER beauty WORLDWIDE
Er. G.S. Chhabra
(FOUNDER)
Dr. R.S. CHHABRA's
LASER & SKIN CARE CENTRE
SKIN, COSMETOLOGY, FAT-LOSS & LASER SPECIALISED CENTRE
Chhabra Hospital & Maternity Home
MATERNITY, FERTILITY (IVF), SKIN, LASER & CHILD CARE CENTRE
22, GUJRAL NAGAR, NEAR T.V. CENTRE, JALANDHAR CITY (PB.)
www.ivfcentrepunjab.com | www.babiesworldivfcentre.com | www.laser2skin.com
For Appointment Call : 99887-14150

ICSI
Laparoscopy
PAINLESS DELIVERY
Phototherapy
fertility
OOCYTE & EMBRYO DONATION
Hysterectomy
Neonatal ICU for Pre-mature Babies
LASER HATCHING
USG
IUI
HSG
SEMEN BANK
Fully Equipped LABORATORY
Hormonal Assay
Dr. RANU CHHABRA
Obst/Gynae & IVF Specialist
Babies WORLD IVF INTERNATIONAL
MAKING
motherhood a reality....
MEDI LIFE
NEW BORN ICU
Shree Guru Nanak Dev Om Sai Ram
Dr. RANU CHHABRA's
BABIES WORLD
IVF CENTRE
TEST TUBE BABY CENTRE
Er. G.S. Chhabra
(FOUNDER)
Chhabra Hospital & Maternity Home
MATERNITY, FERTILITY (IVF), SKIN, LASER & CHILD CARE CENTRE
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE CERTIFIED NABH
22, GUJRAL NAGAR, NEAR T.V. CENTRE, JALANDHAR CITY (PB.)
www.ivfcentrepunjab.com | www.babiesworldivfcentre.com | www.laser2skin.com
For Appointment Call : 99889-27037

Orthonova Hospital
HEAL. REHABILITATE. LIVE BETTER.
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE NABH ACCREDITED
ORTHONOVA GETS
A NEW ADVANCED
ROBOTIC SYSTEM
FOR JOINT REPLACEMENT SURGERY
Better Mobility Brighter Future
Benefits of Robotic Assisted Surgery:
Painless
Small Incision
High Accuracy and Precision
New, Perfectly-fitted Joint
Long Lasting Results
More Natural Feeling and Movement
FOR MORE INFORMATION CALL US
+91 78143-89446
Expert Doctors
Advanced Technology
World Class Facilities
Better Recovery
Move Without Pain
Nakodar Road, Nera Nari Niketan, Jalandhar, Punjab | www.orthonova.in